xi) Details of cases, if any, in which the Applicant or any of his Associates or partners or promoters or Directors has been convicted of an offence involving moral turpitude, fraud or any economic offence during the previous three years preceding the year of making the application and the year of making the applicant and the date of release of the above person from imprisonment, if any, consequent to such conviction: **NONE**

xii) Whether the Applicant or any of his Associates, or partners, or promoters, or Directors was ever refused license, and if so, the detailed particular of the application, date of making application, date of order refusing license and reasons for such refusal: **NO**

xiii) Whether the Applicant has been granted a license for transmission of electricity: **NO**

xiv) Whether an order cancelling the license of the Applicant, or any of his Associates, or partners, or promoters, or Directors has been passed by the Commission: **NO**

xv) Whether the Applicant or any of his Associates, or partners, or promoters, or Directors was ever found guilty in any proceedings for contravention non-compliance of any of the provisions of the Act or the rules or the regulations made there under or an order made by the Appropriate Commission, during the year of making the application or five years immediately preceding that year? **NO**

2) The application made and other documents filed before the Commission are available for inspection by any person with Mr. Dhawal Marghade, Director, 1st Floor, Kubera Chambers, Opposite Sancheti Hospital, Shivajinagar, Pune, Maharashtra 411005, Email: dhawal.marghade@mitconindia.com

3) The application made and other documents filed before the Commission have been posted on: https://www.mitconindia.com/group-companies/mitcon-power-trading-limited/

4) Objections or suggestions, if any, on the application made before the Commission may be sent to the Secretary, Central Electricity Regulatory Commission, 6th, 7th & 8th Floors, Tower B, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi- 110029 E-mail: secy@cercind.gov.in within 30 days of publication of this notice, with a copy to the applicant.

5) No objections or suggestions shall be considered by the Commission if received after expiry of 30 days of publication of this notice.

Place: Pune
Date: October 16, 2026

For MITCON Power Trading Limited
Sd/-
Dhawal Marghade
Director

एक्सपायरी दूध-ब्रेड से बन रहा था खाना, 120 किलो आटा सीज

होटल शांति हेरिटेज के किचन में मिलीं खाद्य सुरक्षा मानकों की अनियमितताएं

उत्तर उजाला ब्यूरो

हरिद्वार। नवरात्र पर्व और चारधाम यात्रा के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को भूपतवाला क्षेत्र में होटलों और रेस्टोरेंटों का औचक निरीक्षण किया। सप्तऋषि चुंगी के पास स्थित होटल शांति हेरिटेज के किचन में एक्सपायरी तिथि के बाद के दूध और ब्रेड का इस्तेमाल भोजन तैयार करने में किया जा रहा था। विभागीय



अधिकारी कैलाश चंद्र टम्टा ने होटल का निरीक्षण किया। होटल का संचालन परफेक्ट स्टेज होटल्स एंड रिजॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कर रही है। जांच में टीम ने करीब 20 पैकेट दूध और ब्रेड मौके पर नष्ट कराए। वहीं, आवश्यक लेबल संबंधी जानकारियां दर्ज नहीं होने पर 120 किलोग्राम आटे को सीज कर दिया गया।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा महिमानंद जोशी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा 10-10 किलोग्राम के आटे के 12 सीलबंद कट्टे मिले। इन पर पैकिंग तिथि, एक्सपायरी तिथि, अधिकतम खुदरा मूल्य और बैच नंबर समेत जरूरी जानकारियां अंकित नहीं थीं। विभाग ने आटे का विधिक नमूना लेकर शेष सामग्री सीज कर होटल प्रबंधन की अभिरक्षा में रखवा दी। खाद्य सामग्री के इस्तेमाल में मिली अनियमितताओं को लेकर होटल के शेफ और नॉमिनी अथवा डायरेक्टर के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। संबंधित प्रावधानों के तहत अधिकतम तीन लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान बताया गया है। निरीक्षण के दौरान होटल प्रबंधन पेयजल और खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट, पेस्ट कंट्रोल के अभिलेख, कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र, खाद्य सामग्री की खरीद के बिल और कंपनी व होटल से संबंधित अन्य जरूरी दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सका। विभाग ने प्रबंधन को एक सप्ताह के भीतर सभी दस्तावेज कार्यालय में जमा कराने को कहा है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रकाश राम आर्या पुत्र श्री पी. आर. आर्या निवासी ग्राम आनन्दपुर, पोस्ट शक्तिफार्म तीलियापुर, जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड के नाम सम्पत्ति जिसका खसरा नं. 442 मिन कुल रकवा 167.28 वर्गमीटर ग्राम जवाहरनगर तहसील किच्छा जिला ऊधम सिंह नगर में भूमि स्थित है। श्री प्रकाश राम आर्या पीरामल फाईनेंस लिमिटेड, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर से ऋण प्राप्त करना चाहता है। उन्होंने उक्त सम्पत्ति मोहन चन्द्र जोशी पुत्र पूरन चन्द्र जोशी से क्रय की थी, जो कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय किच्छा में बैनामा वही 1 जिल्द 2526 पृष्ठ 355-378 क्रमाक सं. 1242 पर दिनांक 19.06.2019 पर पंजीकृत है, विक्रय श्रृखंला में मोहन चन्द्र जोशी ने रवीन्द्र कुमार पुत्र श्री नारायन दत्त से उक्त सम्पत्ति जरिये बैनामा क्रय की, जो कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय किच्छा के बही 1 जिल्द 330 पृष्ठ 349-356 क्रमांक सं. 3681 पर दिनांक 12.07.2010 पर पंजीकृत जिसके मूल बैनामे मुझे प्राप्त थे, उपरोक्त वर्णित विक्रय विलेख क्रमांक 3681 दिनांक 12.07.2010 का मूल दस्तावेज गुम हो गया है। जिसका प्रयोग किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध होगा, यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था अथवा अन्य किसी को उक्त मूल विक्रय विलेख के संबंध में कोई जानकारी हो अथवा वह उसके कब्जे में हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर शाखा प्रबंधक, पीरामल फाइनेंस लिमिटेड, काशीपुर / रूद्रपुर अथवा अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता राजीव कुमार सक्सैना, निवासी एमआईजी 375/2, आवास विकास रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर को लिखित रूप से सूचित करें। **राजीव कुमार सक्सेना, एडवोकेट, रुद्रपुर**

नवाचार से आय में वृद्धि कर आत्मनिर्भर बनें मत्स्य पालक

गोष्ठी और संवाद में बोलीं मत्स्य पालक विकास अभिकरण की उपाध्यक्ष

मत्स्य पालकों ने उठाई ग्राम समाज के तालाबों से अतिक्रमण हटवाने की मांग

उत्तर उजाला ब्यूरो

हरिद्वार। मत्स्य विभाग हरिद्वार की ओर से गोष्ठी एवं कृषक संवाद विकास भवन रोशनाबाद में किया गया। इसमें मत्स्य पालकों को आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान मत्स्य पालकों की ओर से भी ग्राम समाज के तालाबों पर हुए अतिक्रमण को हटवाने की मांग की गई।

बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य मत्स्य पालक विकास अभिकरण की उपाध्यक्ष सीमा चौहान ने मत्स्य पालकों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक



पद्धतियों को अपनाकर मत्स्य पालन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सरकार की ओर से संचालित विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में नवाचार अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर आत्मनिर्भर बनें।

उन्होंने मत्स्य पालकों की समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। उपनिदेशक मत्स्य (प्रशासन) अनिल कुमार ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। कहा कि योजनाओं का फायदा उठाकर मत्स्य उत्पादन बढ़ाएं। सहायक निदेशक मत्स्य गरिमा मिश्रा ने कहा कि मत्स्य पालक के लिए युवा भी आगे आएं। वह मत्स्य पालन से अपना शानदार कॅरिअर बनाएं। ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक जय प्रकाश ने सजावटी मत्स्य पालन की गतिविधियों के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनाए जाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सजावटी मत्स्य पालन कृषकों की तकनीकी क्षमता को सुदृढ़ किया जा रहा है।

इस दौरान जनपद की दो मत्स्यजीवी सहकारी समितियों को लैपटॉप वितरित किए गए। दोनों समितियों को कुल 90,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इस मौके पर प्रदीप कुमार, कल्पना, ओमपाल, शिवकुमार, संजीव कुमार, सचिन कुमार, राजेश कुमार, सेवा राम, सुशील आदि मौजूद रहे।

अजीत डोभाल पर टिप्पणी के विरोध में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

उत्तर उजाला ब्यूरो

हरिद्वार। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कथित टिप्पणी को लेकर हरिद्वार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा जिला हरिद्वार के जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्वालापुर स्थित श्रीराम चौक पर राहुल गांधी का पुतला दहन कर अपना आक्रोश जताया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अजीत डोभाल के योगदान का उल्लेख किया और राहुल गांधी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि अजीत डोभाल ने अपना जीवन देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता के लिए समर्पित किया है। उत्तराखंड की धरती ने देश को ऐसे वीर सपूत दिए हैं, जिन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि अजीत डोभाल की सेवाएं देश की सुरक्षा से जुड़ी हैं और उनके योगदान का सम्मान करना प्रत्येक देशवासी का दायित्व है। आशुतोष शर्मा ने राहुल गांधी के बयानों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राष्ट्रीय सुरक्षा और सेना से जुड़े विषयों पर बार-बार विवाद खड़ा करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन व्यक्ति को लेकर की गई टिप्पणी पर राहुल गांधी को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रहित और देश के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर चुप नहीं बैठेंगे।

सूचना

मेरी पुत्री बबीता के हाईस्कूल प्रमाणपत्र वर्ष 2025 अनुक्रमांक 25073035 में माता का नाम त्रुटिवश कला देवी अंकित हो गया है, जबकि आधारकार्ड में नाम कमलादेवी है जो सही है। मैं अपनी पुत्री बबीता के शैक्षिक अभिलेखों में अपना नाम कमला देवी करवाना चाह रही हूं। **कमला देवी पत्नी श्री नैनसिंह ग्राम बिर्कोला, पो. बिर्कोला, जिला अल्मोड़ा**

सूचना

सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0128601 तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 14211414 के अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये हैं। **पार्वती देवी पत्नी श्री उमेश चन्द्र सुयाल, निवासी डा. सुशीला तिवारी हास्पिटल कैम्पस, हल्द्वानी (नैनीताल)**

सूचना

मेरा हाईस्कूल प्रमाणपत्र वर्ष 2021 अनुक्रमांक 21095374 व इंटर परीक्षा 2023 अनुक्रमांक 23382499 शैक्षिक अभिलेखों में माता का नाम त्रुटिवश कला देवी अंकित हो गया है। मेरी माता का नाम उनके आधारकार्ड में कमला देवी है जो सही है। शैक्षिक अभिलेखों में माता के नाम को सुधारने की प्रक्रिया गतिमान है। **भगवान सिंह पुत्र नैन सिंह ग्राम बिर्कोला, पो. बिर्कोला, जिला अल्मोड़ा**

सूचना

मेरी पुत्री ममता के हाईस्कूल प्रमाणपत्र वर्ष 2025 अनुक्रमांक 25073040 में माता का नाम त्रुटिवश कला देवी अंकित हो गया है, जबकि आधारकार्ड में नाम कमला देवी है जो सही है। मैं अपनी पुत्री ममता के शैक्षिक अभिलेखों में अपना नाम कमला देवी करवाना चाह रही हूं। **कमला देवी पत्नी श्री नैनसिंह ग्राम बिर्कोला, पो. बिर्कोला, जिला अल्मोड़ा**

महिला पुलिसकर्मी ने पति और ससुराल पक्ष पर लगाए दहेज उत्पीड़न के आरोप

आठ लाख रुपये नकद कार के लिए देने का दावा

महिला हेल्पलाइन में दी गई शिकायत के आधार पर मामला

उत्तर उजाला ब्यूरो

हरिद्वार। एक महिला पुलिसकर्मी ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पुलिसकर्मी महिला ने महिला हेल्पलाइन में शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थीं। शिकायतकर्ता आरती यादव का विवाह 29 नवंबर 2023 को सहारनपुर जिले के गांगलहेड़ी क्षेत्र के चौरादेव गांव निवासी प्रवेश यादव से हुआ था।

महिला का आरोप है कि शादी के दौरान उसके परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था और कार के लिए आठ लाख रुपये नकद भी दिए थे। इसके बावजूद पति प्रवेश यादव, सास कुसुम देवी, ननद महिमा देवी, ननदोई गौरव और देवर शरद उससे संतुष्ट नहीं थे। महिला ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही छोटी-छोटी बातों पर विवाद और मानसिक प्रताड़ना शुरू हो गई थी। बेटी के जन्म के बाद भी उसे ताने दिए गए और बच्ची के खर्च में पति ने सहयोग नहीं किया। शिकायत में शराब पीकर मारपीट करने और रुड़की में किराये के मकान में रहने के दौरान भी परेशान करने के आरोप लगाए गए हैं।

आरती का आरोप है कि एक विवाद के दौरान पति ने उसे घर से निकाल दिया और गला दबाने की कोशिश की। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसकी ज्वैलरी लेकर सास और देवर को दे दी गई। महिला ने अपने परिवार को धमकी दिए जाने की बात भी शिकायत में कही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

राम मंदिर परिसर के 150 में से 148 निर्माण कार्य पूरे

पूरे किए गए कार्य ट्रस्ट को सौंपे गए : मिश्र

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में कुल 150 छोटे-बड़े निर्माण कार्यों में से 148 पूरे कर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दिए गए। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मिश्र ने निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन की समीक्षा के बाद बताया कि अब मुख्य रूप से मंदिर के परकोटे का निर्माण कार्य ट्रस्ट को सौंपा जाना बाकी है।

उन्होंने कहा कि परकोटे और मंदिर की बाहरी सजावटी रोशनी (फसाड लाइटिंग) का काम 15 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मिश्र ने बताया कि परकोटे की छत पर जल शोधन से संबंधित कुछ काम बारिश के कारण प्रभावित हुए हैं और मौसम अनुकूल होने पर इन्हें पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दीपावली के दौरान मंदिर परिसर की भव्यता और सुंदरता के अनुरूप रोशनी की व्यवस्था की जाएगी तथा इसके लिए मंदिर व परकोटे में प्रकाश व्यवस्था का काम किया जा रहा है। मिश्र ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संबंधित कंपनी 'लार्सन एंड टुब्रो' (एलएंडटी) दस्तावेज, नक्शे, डिजाइन और वित्तीय विवरण ट्रस्ट को सौंपती है तथा इसके बाद ट्रस्ट के परियोजना अभियंताओं की टीम निर्माण कार्यों का निरीक्षण करती है व संतुष्ट होने पर उन्हें स्वीकार करती है। उन्होंने बताया कि निर्माण समिति की बैठक में ठेकेदारों के भुगतान और अन्य वित्तीय मामलों की भी समीक्षा की जा रही है। मिश्र ने बताया कि इसके अलावा मंदिर परिसर के बाहर निर्माणाधीन सभाकक्ष और संग्रहालय के कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि विजय स्तंभ और शहीद स्मारक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है लेकिन इन स्थलों पर उद्यान व बागवानी से संबंधित कुछ काम अभी जारी हैं। मिश्र ने कहा कि माध्वाचार्य द्वार का निर्माण लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है और निर्माण समिति मौके पर जाकर विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति व काम के दौरान आ रही कठिनाइयों का भी निरीक्षण करेगी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने कहा कि निर्माण कार्यों को ट्रस्ट को सौंपने की प्रक्रिया में सभी तकनीकी और वित्तीय औपचारिकताएं पूरी करना जरूरी है ताकि निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि राम मंदिर परिसर में मुख्य निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो चुका है और अब परकोटे से जुड़े शेष कार्यों, प्रकाश व्यवस्था व अन्य विकास परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मिश्र ने कहा कि निर्माण समिति इन कार्यों की नियमित समीक्षा कर रही है ताकि इन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जा सके।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड

कार्यालय- अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल, हल्द्वानी (नैनीताल)

ई-निविदा तिथि विस्तार सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित ई-निविदायें आमंत्रित की गई थी जिसको खोलने की तिथि 15.10.2026 थी किसी भी निविदाकार द्वारा निविदा में प्रतिभाग नहीं करने के कारण निविदाओं को विस्तारित की जाती है। निविदाओं को अब दिनाँक 21.10.2026 को 17.00 बजे तक ऑफलाइन/ ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती है जो एवं दिनांक 22.10.2026 सायं 12.00 बजे खोली जायेंगी। निविदा की शेष नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

1. ई-निविदा संख्या 59/EDC(H)/2026-27
2. ई-निविदा संख्या 60/EDC(H)/2026-27

उपरोक्त निविदाओं की अधिक जानकारी हेतु वैबसाईट www.uktenders.gov.in पर देखें।

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें,

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल, हल्द्वानी

संख्याः 3205 दिनांकः 15.10.2026

कार्यालय नगर पालिका परिषद् गदरपुर, ऊधम सिंह नगर

पत्रांकः-410/नामा. सूचना / 2026-27
दिनांक-13-10-2026

नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं. 10 क्रमांक 198 में स्थित गृहकर श्री राजकुमार पुत्र श्री दयाल चन्द का नाम अंकित है जिनकी दिनांक 11.10.1998 को एवं श्रीमती उर्मिला पत्नी श्री राजकुमार की दिनांक 25.10.2017 को मृत्यु हो चुकी है। कार्यालय उपजिलाधिकारी गदरपुर द्वारा प्रदत्त उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर श्री संजीव कुमार, श्री सुधीर कुमार एवं श्री विपुल कुमार वारिस है। उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री वैभव डोडा पुत्र श्री संजीव कुमार निवासी वार्ड नं. 07, पंजाबी कालोनी, गदरपुर जिला ऊधम सिंह नगर के नाम से गृहकर अभिलेखों में पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई अपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वतः निरस्त समझा जायेगा तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

अधिशासी अधिकारी

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग, परिमण्डल-पिथौरागढ़

E-mail:serespithoragarh@gmail.com E-mail:serwdpth@gmail.com

पत्रांक : 809 /ग्रा.नि.वि./2-लेखा/निविदा/2026-27 दिनांक 14-10-2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड में मार्ग निर्माण कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद चम्पावत में निर्मित किये जाने वाले कार्यों की ई-निविदा दिनांक 29.10.2026 को सांय 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यो का विवरण व निविदा के सम्बन्ध में सभी सूचनायें/शर्ते बैबसाइट www.uktenders.gov.in पर दिनांक 15.10.2026 को सांय 06.00 बजे से उपलब्ध रहेङ्गी।

इं. हितेष पाल सिंह, अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग, परिमण्डल पिथौरागढ़।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड

ई- निविदा समयावृद्धि सूचना

सूचित किया जाता है कि विद्युत वितरण खण्ड, रुद्रपुर प्रथम के अन्तर्गत ई- निविदा संख्या 37/वि.वि.ख./रु./2026-27 एवं निविदा संख्या 38/2026-27 जो कि दिनांक 16-10-2026 को खोली जानी प्रस्तावित हैं, में न्यूनतम निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा का समय विस्तार करते हुए निविदा खोलने की अग्रिम तिथि दिनांक 23-10-2026 निर्धारित की जाती है। कार्य, मदें एवं शर्तें विभागीय वैबसाइट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें,
Save Electricity in the interest of Nation

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, रुद्रपुर

संख्याः 7061 दिनांकः 16.10.2026

जल संचय- जीवन संचय दूरभाष कार्यालय/ फैक्स: 05946-220776 Email id:eeujshld@gmail.com

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी

:ई-निविदा सूचना:

मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान/उत्तराखण्ड पेयजल निगम में पंजीकृत फर्मों, ठेकेदारों से दरें ई- निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना पोर्टल www.uktenders.gov.in पर दिनांक 16.10.2026 के सायं 5:00 बजे से उपलब्ध होगी। विवरण निम्नानुसार है-

क0 सं0	निविदा संख्या	योजना/कार्य का विवरण
1	09/2026-27	हल्द्वानी नगरीय पेयजल योजनान्तर्गत मल्ली बमौरी क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण एवं तत्सम्बन्धी कार्य।

नोटः- ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** पर उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** पर ही अपलोड की जाएगी।

अधिशासी अभियन्ता

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.

विद्युत वितरण खण्ड, भिकियासैंण, (अल्मोड़ा)

ई- निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड भिकियासैंण निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदा आमन्त्रित करता है-

क्र०सं०	निविदा सं०	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	ऑनलाईन ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि एवं समय	ऑनलाईन/ऑफलाईन ई-निविदा भाग -1 खुलने की तिथि एवं समय
1-	24/ EDD(B)/ 2026-27	वितरण खण्ड भिकियासैण, उपखण्ड भिकियासैण व उपखण्ड मौलेखाल के कार्यालय बैटरी सैट, इन्वर्टर सैट, फाईबर लैन कैनेक्शन व नेटवर्क स्विच बॉड स्थापित करने का कार्य एवं सामग्री की आपूर्ति।	15000.00	295.00 (जी०एस०टी० सहीत)	30.10.2026 15.00 बजे	31.10.2026 13.00 बजे
2-	25/ EDD(B)/ 2026-27	विद्युत वितरण खण्ड भिक्यिासैंण, के अन्तर्गत अनुभाग स्याल्दे मे 160 के०वी०ए० परिवर्तक की क्षमतावृद्धि कर 250 के०वी०ए० स्थापित करने का कार्य ।	5000.00	118.00 (जी०एस०टी० सहीत	30.10.2026 15.00 बजे	31.10.2026 13.00 बजे
3-	26/ EDD(B)/ 2026-27	विद्युत वितरण खण्ड भिकियासैण के अन्तर्गत अनुभाग भिकियासैण के अन्तर्गत स्थापित 05 एम0वी0ए0 पावर परिवर्तक को सुचारु करने हेतु आर0 एण्ड0 आर0 में बदलवाने हेतु करने का कार्य।	11000.00	295.00 (जी०एस०टी० सहीत	30.10.2026 15.00 बजे	31.10.2026 13.00 बजे

उक्त ई-निविदाओं की अन्य नियम व शर्तें वैबसाइड http://www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है। उक्त ई-निविदाओं का शुद्धिपत्र/विस्तारिकरण/निरस्तीकरण आदि की सूचना वैंबसाईट http://www.uktenders.gov.in में ही प्रकाशित/उपलब्ध होगी।

Customer care Toll Free No. 18004190405
Pay Electricity Bill Online 24x7 form www.upcl.org"
विद्युत बिलो के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए।

अधिशासी अभियन्ता

संख्याः 1658 दिनांकः 16.10.2026

इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड

सी आई एन: L24111UR1983PLC009097
पंजीकृत कार्यालय: ए-1, इंडस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर-244713, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड
दूरभाष: +91 5947 269000/269500; **फैक्स:** +91 5947 275315/269535
ई-मेल: compliance.officer@indiaglycols.com; **वेबसाइट** www.indiaglycols.com

शेयरधारकों के लिए पाँचवी सूचना
भौतिक शेयरों के हस्तांतरण और डीमैटेरियलाइजेशन के लिए विशेष विंडो

यह हमारे पिछले समाचार पत्र नोटिसों के संबंध में है, जो 18 फरवरी, 2026, 22 अप्रैल, 2026, 19 जून, 2026 और 21 अगस्त, 2026 को प्रकाशित किए गए थे। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी के दिनांक 30 जनवरी, 2026 के परिपत्रक क्र. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 के तहत, उन भौतिक शेयरों के हस्तांतरण और डीमटेरियलाइजेशन हेतु 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक एक (1) वर्ष की अवधि के लिये एक विशेष विंडो खोली गई है, जो एक 1 अप्रैल, 2019 से पूर्व खरीदे /बेचे गये थे। यह सुविधा उन शेयरधारकों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 1 अप्रैल, 2019 से पूर्व इण्डिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड (''कंपनी'') के भौतिक (फेजिकल) शेयर खरीदे थे, और;

(क) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए शेयर जमा नहीं किए थे; या
(ख) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए शेयर जमा तो किए थे, लेकिन दस्तावेजों में कमियों के कारण उन्हें अस्वीकार कर दिया गया था, या वापस कर दिय गया था या उन पर ध्यान नहीं दिया गया था।

विशेष विंडो की प्रयोज्यता

इस विंडो की पात्रता लागू होने की शर्तों को स्पष्ट रूप से समझने के लिए, शेयरधारक नीचे दी गई तालिका का संदर्भ ले सकते हैं:

हस्तांतरण विलेख के निष्पादन की तिथि	क्या हस्तांतरण के लिए 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किया गया था?	क्या मूल शेयर प्रमाणपत्र उपलब्ध है?	क्या मौजूदा विंडो में जमा करने के लिए पात्र हैं?
1 अप्रैल, 2019 से पहले	नहीं (यह नया प्रस्तुतीकरण है)	हाँ	✓
1 अप्रैल, 2019 से पहले	हाँ (इसे पहले अस्वीकार या वापस कर दिया गया था)	हाँ	✓
1 अप्रैल, 2019 से पहले	हाँ	नहीं	✗
1 अप्रैल, 2019 से पहले	नहीं	नहीं	✗

विशेष विंडो की अवधि के दौरान पुनः जमा किए गए सभी शेयरों को अनिवार्य रूप से प्राप्तकर्ता के खाते में केवल डीमैट मोड में ही जमा किया जाएगा। साथ ही, ये शेयर हस्तांतरण के पंजीकरण की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन के अधीन होंगे। इस लॉक-इन अवधि के दौरान इन शेयरों को न तो किसी को स्थानांतरित किया जा सकेगा, न ही इन्हें गिरवी रखा जा सकेगा और न ही इन पर कोई ग्रहणाधिकार लगाया जा सकेगा।

पात्र शेयरधारक हस्तांतरण प्रक्रिया के लिए अपने आवेदन, मूल शेयर प्रमाणपत्र और सेबी के परिपत्र में सूचीबद्ध अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित अवधि के भीतर कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, मेसर्स एम सी एस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, 179-180, डीएसआईडीसी शेड, तीसरी मंजिल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-I, नई दिल्ली 110020, या admin@mcsregistrars.com पर ईमेल कर सकते हैं, अथवा कंपनी सचिव को प्लॉट नंबर 2-बी, सेक्टर-126, नोएडा-201304, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, या compliance.officer@indiaglycols.com पर ईमेल कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, शेयरधारक सेबी के परिपत्र को देख सकते हैं, जो कंपनी की वेबसाइट https://www.indiaglycols.com/shareholders-communication/ पर उपलब्ध है।

कृते इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड
हस्ता./-
अंकुर जैन
प्रमुख (कानूनी) एवं कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा, उ. प्र.
दिनांक : 16.10.2026

राशिफल शनिवार 17 अक्टूबर, 2026

मेष : पारिवार में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं।

वृष : आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं। नए विचार आपके सामने आते रहेंगे।

मिथुन : आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नए काम करने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

कर्क : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज आप जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं। इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं।

सिंह : आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें।

कन्या : आज आपका मन करेगा घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकाल कर प्रकृति का आनंद लें। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीजों के मोलभाव पर लाभ होगा।

तुला : आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी।

वृश्चिक : आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। धन लाभ का योग बन रहा है।

धनु : आपका रुझान अध्यात्मक की तरफ ज्यादा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मकर : कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोत्तरी भी हो सकती है, जिससे आपका आज का दिन अच्छा रहेगा।

कुंभ : आपके लिए दिन उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी।

मीन : आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा। आज कोई भी शुभ कार्य करेंगे और साथ ही मांगलिक कार्य भी करेंगे।

संस्थापक: स्व.जी.एस.भण्डारी

जी.एस.भण्डारी एण्ड को. के लिए प्रकाशक मुद्रक डा.उषा किरन भण्डारी द्वारा उत्तर उजाला प्रेस, उजाला नगर बरेली रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) से मुद्रित व भण्डारी भवन, मल्लीताल, नैनीताल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।

मुख्य सम्पादक : डा. उषा किरन भण्डारी
फोन : हल्द्वानी 05946-252975, पंजी.सं. आर.एन.32942/77
E-mail : uttarujala7@gmail.com website: www.uttarujala.com